(SIDBI), inter alia, are that NEF Scheme has been extended to all tiny and SST units irrespective of their location, except for units in metropolitan areas and the scope of the scheme has been enlarged to cover expansion, modernisation, technology upgradation and diversification.

Harshad Mehta in stock market

7837. SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Will the Minster of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the press reports that Harshad Mehta is back into the stock market business through nominee brokers; and

(b) if so, the details and Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKARA MURTHY): (a) and (b) The Securities and Exchange Board of India (SEBI) has informed that, in recent times, no evidence has come to its notice that Shri Harshad Mehta is operating in the stock market through nominee barkers. However, SEBI and Stock Exchange authorities are keeping a continual vigilance to avoid any SUC'.J occurence.

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा पुनर्वित्त की सुविधा

7838. श्री जनार्दन यादव : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने पिछड़े क्षेत्रों में स्थापित किए जाने वाले उद्योगों के ऋणों को नजरदंज करते हुए पुनर्वित्त की सुविधा को सीमित कर दिया है ;

(ख) क्या सरकार भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को बिहार के लिए पुनर्वित्त की सीमा में छूट देने के लिए निर्देश देगी, और ;

(ग) वर्ष 1993–94 और 1994–95 के दौरान बिहार द्वारा पुनर्वित्त के कितने मामले भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को भेजे गए हैं और उनमें से कितने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा अस्वीकार कर दिए गए तथा उसके क्या कारण हैं और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने ऐसे मामलों को अस्वीकार/स्वीकार करने में कितना समय लिया और इस मामले में विलम्ब के क्या कारण थे ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) जी, नहीं। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) ने सूचित किया है कि वह प्राथमिक ऋणदाती संस्थाओं को उनके सावधि ऋणों के बदले वित्तीय रूप से अर्थक्षम और तकनीकी रूप से संवालय सभी परियोजनाओं के लिए पुनर्वित्त सुविधायें प्रदान करता रहा है ।

(ग) 1993–94 और 1994–95 के दौरान बिहार राज्य ऋण और निवेश निगम से आईडीबीआई को प्राप्त हुए पुनर्वित्त आवेदन पत्रों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

	1993–94	1994–95
प्राप्त हुए आवेदन पत्र	18	9
अस्थायी रूप में बंद किए गए आवेदन पत्र	1	1
मंजूर किए गए आवेदन पत्र	17	6
लम्बित आवेदन पत्र	–	2